रोहतक, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 250
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 18.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

05

rangla.punjab.gov.in

# मिशन चढ़दी कला

आइए मिलकर पंजाब का पुनर्निर्माण करें

- एक आपदा जिसने **पंजाब के सभी 23 ज़िलों और 2,300+ गाँवों** को प्रभावित किया
- **20 लाख लोग प्रभावित और 56 लोगों की जान गई**
- **5 लाख एकड़** से अधिक फसलें बर्बाद हुईं
- **3,200+ स्कूल और 1,400+ स्वास्थ्य केंद्र** क्षतिग्रस्त
- **8,500 किमी सड़कें** और **2,500 पुल/पुलियां** तबाह हुए



जिस प्रकार "चढ़दी कला" विपरीत परिस्थितियों में अटूट शक्ति और आशावादी भावना को दर्शाती है, ठीक उसी प्रकार मिशन चढ़दी कला सभी भारतीयों, खासकर दुनिया भर में बसे पंजाबी भाइयों -बहनों से यह अनुरोध करते है कि वे इस कठिन समय में एक परिवार बनकर आगे आएं और पंजाब की इस सबसे बड़ी मुश्किल घड़ी का सामना एकजुट होकर करें। कृपया उदारतापूर्वक दान दें ताकि हम सब मिलकर अपने महान राज्य पंजाब का पुनर्निर्माण कर सकें।



## मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फंड में सहयोग करें


योगदान के लिए जाएँ rangla.punjab.gov.in

दान करने के लिए QR कोड स्कैन करें

सी.एस.आर. के साथ एन.जी.ओज़. ,एन.आर.आई ,ओ.सी.आई और विदेशी नागरिक के योगदान भी इसी मिशन में किए जा सकते हैं।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## खबर संक्षेप



### बच्चों का समग्र कल्याण सुनिश्चित करें : राज्यपाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल एवं राज्य बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, संरक्षण और भावनात्मक विकास को आकार देकर उनका समग्र कल्याण सुनिश्चित करना होगा। राज्यपाल एवं राज्य बाल कल्याण परिषद् अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष बुधवार को हरियाणा राज भवन में जिला बाल कल्याण अधिकारियों के साथ परिषद् के कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### कर्मचारियों के साथ आज बैठक करेंगे निकाय मंत्री

**चंडीगढ़।** पालिकाओ, परिषदों और नगर निगमों के कर्मचारियों की मांगों पर विचार मंथन के लिए आज दोपहर 12 बजे शहरी स्थानीय निकाय मंत्री की अध्यक्षता में नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के प्रतिनिधियों के साथ मंत्री कार्यालय में बैठक होगी।

### जन चेतना ट्रस्ट ने सौंपे नियुक्ति पत्र



**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने कहा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान अब नए कलेवर में नजर आएगा। अब हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जन चेतना ट्रस्ट के तौर पर दलितों के हकों की आवाज बुलंद करेगा और उनके अधिकारियों की लड़ाई लड़ेगा। बुधवार को चंडीगढ़ में मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने जन चेतना ट्रस्ट की घोषणा की।

### बिजली वितरण निगम में सुनवाई आज

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण वीरवार को रोहतक स्थित विद्युत भवन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

### विस सदस्यों ने राष्ट्रमंडल कांफ्रेंस में हिस्सा लिया

**चंडीगढ़ ।** बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कांफ्रेंस का भव्य उद्घाटन मंगलवार देर शाम हुआ। उद्घाटन सत्र में बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मॉटली तथा हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर ई. ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। भारत का प्रतिनिधिमंडल लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में सम्मेलन में भाग ले रहा है। विस स्पीकर के नेतृत्व में प्रदेश का भी दल वहां पहुंचा है।

---

केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने इलेक्ट्रिक वाहन बैट्री स्वैपिंग व चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ किया

# दो साल में कचरामुक्त होगा देश कूड़े और पराली से बनेंगी सड़कें

**फसल अवशेषों से बायो-फ्यूल तैयार करने की योजना को देशभर में लागू किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दो साल में देश कचरामुक्त हो जाएगा। कचरे और पराली से देश में सड़के बनेगी।

**वैकल्पिक ऊर्जा से रुपयों की बचत होगी**

केंद्रीय मंत्री बुधवार को गांव पांची गुजरान स्थित दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (डीआईसीटी) में पहुचंकर एनर्जी इन मोशन कंपनी द्वारा बनाए गए भारत के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैट्री स्वैपिंग एवं चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने एनर्जी इन मोशन कंपनी द्वारा की गई इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भारत का लगभग 25 लाख करोड़ रुपये बाहरी देशों से ईंधन खरीदने में खर्च हो जाता है। अगर हम वैकल्पिक ऊर्जा से इस रूपये की बचत करेंगे तो यह रुपये भारत के विकास में खर्च होगा और हम विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश की लॉजिस्टिक कास्ट को कम करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक इसे सिंगल डिजिट (9 प्रतिशत से कम) तक लाना है।




### मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा

उन्होंने कहा कि हाईवे नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है, जलमार्गों, रेल और सडक परिवहन के समन्वय से मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक कास्ट कम होने से न केवल व्यापारियों और उद्योगपतियों को लाभ मिलेगा, बल्कि किसानों को भी उनके उत्पादों के परिवहन में कम लागत का फायदा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

### कृषि आधारित ऊर्जा उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि भारत को अगले कुछ वर्षों में ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित किया जाए। इसी कड़ी में कृषि आधारित ऊर्जा उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हाल ही में सरकार ने मक्का से एथोनाल बनाने की अनुमति प्रदान की थी, जिसका परिणाम ये रहा कि बाजार में मक्का की डिमांड बढ़ गई।

### किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा सभी परिवर्तन के साझेदार

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास को जनसरोकार से जोडने में विश्वास रखती है। किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा सभी इस परिवर्तन के साझेदार हैं। हमारा प्रयास है कि हर किसान के चेहरे पर समृद्धि की मुस्कान हो और हर गांव आत्मनिर्भर बने। उन्होंने सभी से अपील की कि वे जैव ईंधन, सौर ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग को अपनाएं और भारत को ग्रीन ग्रोथ इकोनामी बनाने में सहभागी बनें। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाना है।

### अर्थव्यवस्था की असली शक्ति गांव और किसान में निहित

भारत की अर्थव्यवस्था की असली शक्ति गांव और किसान में निहित है। अगर गांव समृद्ध होगा तो भारत अपने आप आत्मनिर्भर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों, जैव ईंधन उत्पादन और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों को नई दिशा दे रही है। उन्होंने बताया कि देशभर में एथेनॉल, बायो-सीएनजी, बायो-एलएनजी और ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट चल रहे है।

---

**स्वास्थ्य मंत्री की जन सुनवाई: प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं**

# शिकायतों के समाधान में ढिलाई सहन नहीं : राव



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के चंडीगढ़ स्थित आवास पर बुधवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं व शिकायतें उनके समक्ष रखीं। उन्होंने हर व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचे

जनसुनवाई में प्रदेशभर से आए लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं, सरकारी योजनाओं के लाभ, बिजली-पानी की व्यवस्था, शिक्षा, रोजगार और स्थानीय विकास कार्यों से संबंधित अपनी शिकायतें रखीं। स्वास्थ्य मंत्री ने धैर्यपूर्वक सभी की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि उनका समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस मौके पर राव ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक तक योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर और जरूरतमंदों की मदद की जा रही है।

---

कांग्रेस सीएलपी लीडर ने सरकार को दिया जीरो नंबर

# जनहित का एक भी फैसला नहीं किया किसान और मजदूर परेशान : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने राज्य सरकार की विफलताओं, किसानों की समस्याओं, कानून व्यवस्था और कांग्रेस की संगठनात्मक रणनीति पर अपनी बात रखी। उन्होंने सरकार को जनहित में शून्य नंबर देते हुए कई मुद्दों पर तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने न तो किसानों के लिए कोई ठोस कदम उठाया और न ही गरीबों के हित में कोई काम किया। कानून व्यवस्था को पूरी तरह से खराब बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने कोई जनहितकारी फैसला नहीं लिया और विकास कार्य ठप हैं। हुड्डा ने बताया कि वे लगातार प्रदेश की मंडियों का दौरा कर रहे हैं, जहां किसानों का अनाज खराब हो रहा है। मंडियों में तिरपाल तक की व्यवस्था नहीं है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से किसानों को हुए नुकसान के लिए मुआवजा और विशेष पैकेज देने की मांग की।

### हुड्डा बोले- भाजपा अपनी गुटबाजी पर ध्यान दें



भाजपा पर निशाना साधते हुए हुड्डा ने कहा कि भाजपा को कांग्रेस की बात करने से पहले अपनी गुटबाजी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने की बात कही और बताया कि जिला स्तर पर प्रधानों की नियुक्ति हो चुकी है, जल्द ही ब्लॉक स्तर पर भी नियुक्तियां होंगी। हुड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जापान दौरे पर कहा कि हरियाणा में निवेश उनकी सरकार के समय (2014 तक) सबसे ज्यादा हुआ था। बीजेपी ने निवेश और विकास का बेड़ा गर्क करके रख दिया है। प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ गया है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे प्रदेश के युवाओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करे सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे हरियाणा के युवाओं की खबर को अत्यंत चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति इस बात का प्रतीक है कि हरियाणा में बेरोज़गारी किस हद तक बढ़ चुकी है कि हमारे नौजवान जान जोखिम में डालकर विदेशों में रोजगार की तलाश में निकल रहे हैं। सांसद ने स्पष्ट किया कि वह इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगी ताकि हरियाणा के सभी फंसे हुए युवकों को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत लाया जा सके। सैलजा ने कहा है कि हाल के दिनों में रोहतक, फतेहाबाद और अंबाला जिलों के कई युवक पढ़ाई या नौकरी के बहाने रूस गए और उन्हें वहां जबरन सेना में भर्ती कर युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया। कई परिवारों का उनसे संपर्क तक टूट चुका है, जिससे परिजन गहरे सदमे और भय में हैं। सांसद ने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार से मांग की है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे हरियाणा समेत सभी भारतीय युवाओं की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए तत्काल राजनीतिक हस्तक्षेप किया जाए।



- पढ़ाई व नौकरी के लिए रूस गए थे प्रदेश के युवा

### प्रधानमंत्री मोदी की रैली का निमंत्रण देने के लिए घर-धर जाएं कार्यकर्ता : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को सोनीपत की राई विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ पीएम मोदी की रैली की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी की रैली का न्योता दिया और अधिक से अधिक लोगों को रैली में लाने का आग्रह भी किया। बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने स्वदेशी अभियान को लेकर भी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 17 अक्टूबर को नायब सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार का यह एक वर्ष उपलब्ध्यिं से भरा हुआ है। इस एक वर्ष में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए बड़े कदम उठाए हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। नायब सरकार के नायाब कार्यों से जनता में जोश और उत्साह है। पीएम प्रदेश की जनता को सौगातें देंगे।



- स्वदेशी के लिए अभियान चलाने का आह्वान

### सीएसआईआर का 84वां स्थापना दिवस मनाया

**चंडीगढ़।** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 84वां स्थापना दिवस आज सीएसआईआर–सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (इमटेक) में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), मोहाली के निदेशक प्रोफेसर अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रतिष्ठित स्थापना दिवस व्याख्यान भी दिया गया। प्रोफेसर त्रिपाठी द्वारा दिया गया इस वर्ष का स्थापना दिवस व्याख्यान मानव सभ्यता की यात्रा – जिज्ञासा, आविष्कार और नवाचार के माध्यम से विषय पर केंद्रित था। उन्होंने दैनिक जीवन में आविष्कार और नवाचार के बीच अंतर को रेखांकित करने हेतु कई उदाहरण प्रस्तुत किए।

**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**

E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

J.P./N.P.N./246/260 Bhilai/Dated: 03/10/2025

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form ""A" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no | Tender no | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest money (in lacs) | Completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177063 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | 156.08 lacs | 1.17 lacs | 12 month | 03/10/2025 | 21/10/2025 | Second call | Form A |

NOTE: 1 For other details visit Gov e-Procurement System portal website (https://eproc.cgstate.gov.in) 2 orrigendum Amendment If any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/only and it shall be part of tender document. 3. For more details please download NIT. Details.

Executive Engineer
Municipal Corporation

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मंजीत सिंह, पुत्रः** हरकेश, **पताः** ग्राम नारा, थाना नालनौद, जिला हिसार, **हरियाणा, FIR No. 08/2018; U/s: 279/337 IPC, पुलिस थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंजीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मंजीत सिंह FIR No. 08/2018; U/s: 279/337 IPC, पुलिस थानाः सदर बाजार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
केन्द्रीय जिला, कमरा संख्या 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13621/N/2025
(Court Matter)

## रामपाल को राहत, अवमानना मामले में माफी स्वीकार

**चंडीगढ़।** हाई कोर्ट की अवमानना का सामना कर है कथित संत रामपाल को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट के जस्टिस एचएस सेठी और जस्टिस विकास सूरी की खंडपीठ ने रामपाल के खिलाफ लंबित आपराधिक अवमानना याचिका का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने यह फैसला कथित संत रामपाल द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे को देखते हुए किया, जिसमें उन्होंने बिना किसी शर्त के माफी मांगी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में रामपाल के हलफनामे की सामग्री को देखते हुए कहा कि उनकी उम्र (75 वर्ष) और 2014 से लगातार कारावास को ध्यान में रखते हुए यह मामला समाप्त किया जा रहा है।

### भविष्य में कुछ ऐसा हुआ, उस पर गंभीर दृष्टि से विचार किया जाएगा : हाईकोर्ट

साथ ही, खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि संत रामपाल या उनके अनुयायी किसी भी प्रकार का ऐसा कार्य करते हैं जिसे अदालत की अवमानना माना जा सके, तो उस पर गंभीर दृष्टि से विचार किया जाएगा। रामपाल ने अपने वकील अर्जुन श्योराण के माध्यम से पेश हलफनामे में कहा कि वह व उसके साथी अपना अपना दोष स्वीकार करने को तैयार हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अदालत और उसके आदेशों की गरिमा का सम्मान करेंगे। ज्ञात रहे कि हाई कोर्ट ने न्यायपालिका के खिलाफ राम पाल व उसके साथियों के रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए संज्ञान लेकर 2014 में अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी। तब से राम पाल जेल में बंद है। 2014 में जब पुलिस राम पाल को गिरफ्तार करने गई तो उसने विरोध किया था।

## हरियाणा - राजस्थान सीमा पर युवक की पिटाई से मौत, पुलिस बोली गोतस्कर था

**नूंह।** हरियाणा - राजस्थान सीमा पर मानौता और भोरी गांवों के बीच बुधवार सुबह एक घटना में नूंह जिले के लुहिंगा कला गांव निवासी जमील पुत्र नूर मोहम्मद की कथित पुलिस पिटाई से मौत हो गई। चश्मदीदों ने बताया कि सफेद कुर्ता - पजामा पहने कुछ लोग पहले से मौके पर इंतजार कर रहे थे, जिन्होंने चलती मोटरसाइकिल पर जमील के सिर पर फावड़ी से वार किया और फिर लाठी - डंडों से पीट - पीटकर उसकी हत्या कर दी। वहीं, राजस्थान और हरियाणा पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि जमील एक गो तस्कर था, जो प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा था और उसके खिलाफ पहले भी गो तस्करी के मामले दर्ज थे, जिनमें वह जेल की सजा काट चुका था। मृतक के परिजनों ने इन आरोपों को खारिज करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया और पुलिस पर सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया।

### कई मामले दर्ज थे

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जमील के खिलाफ गो तस्करी के कई मामले दर्ज थे और वह पहले जेल जा चुका था। सूत्रों का दावा है कि घटना के समय वह प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा था। हालांकि, चश्मदीदों ने भीड़ के कारण यह स्पष्ट नहीं किया कि बाइक पर कोई सामान था या नहीं।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance

**पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा पता** : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001
**शाखा पता** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्त्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेश शर्मा पुत्र श्री दत्त (कर्जदार), श्री दत्त शर्मा पुत्र राम चन्द्र (सह-कर्जदार), म. नं. 414/14, बरोदा रोड, लिंदर गढ़ी गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा-131301 NHGOH00000831837. | एम.सी. सीमा गोहाना के अंदर वार्ड नं. 14 में स्थित सम्पत्ति मकान/प्लॉट माप 173 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। श्री दत्त शर्मा पुत्र राम चन्द्र पुत्र दुनी राम के पक्ष में चन्द्र सिंह पुत्र बिरखा पुत्र जय लाल निवासी मुंडलाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत द्वारा निष्पादित अनुसार दस्तावेज नं. 442 दिनांक 15.05.1998. सीमाएं - उत्तर : राम किशन का प्लॉट, दक्षिण : मेहर सिंह का मकान, पूर्व : प्रेम का मकान, पश्चिम : गली। | 23-09-2025 रु. 2,84,630/- | 03-06-2025 |
| 2. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), मकान नं. 200, मॉडल टाउन, जिला व तहसील फतेहाबाद, हरियाणा-125050. NHFAT00000823267. | माडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज एस पुत्र घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024. | 23-09-2025 रु. 2,07,17,718/- | 03-08-2015 |
| 3. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), मकान नं. 200, मॉडल टाउन, फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125050. NHFAT00000823266. | माडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज एस पुत्र घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024. | 23-09-2025 रु. 14,95,460/- | 03-08-2015 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 09 अक्तूबर 2025
स्थान : गोहाना, फतेहाबाद

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में उचाना में कम्पोजिट ऑफिस की विशेष मरम्मत। | 04.10.2025 14.10.2025 | 36.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में अतिरिक्त लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण। | 04.10.2025 14.10.2025 | 505.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | वर्ष 2025-26 (12 माह) हेतु भिवानी जिले में चौ. बंसी लाल हवाई पट्टे के परिसर में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव। | 06.10.2025 14.10.2025 | 5.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव गुढा में जीबीएनए के निकट हॉल का निर्माण। | 06.10.2025 24.10.2025 | 10.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | ऑफिसर कॉलोनी नीलोखेड़ी में निदेशक एचआईआरडी आवास की मरम्मत और रखरखाव। | 04.10.2025 20.10.2025 | 6.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | सिरसी - गांव सिरसी में अम्बेडकर भवन का निर्माण। | 07.10.2025 27.10.2025 | 21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | खेड़ी खुमार का वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 06.10.2025 15.10.2025 | 91.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 903476692 jhajjarsco@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव मस्तपुर ब्लॉक अम्बाला-1, गांव मस्तपुर ब्लॉक अम्बाला-1 (अम्बाला) जैडपी में बीपीएचयू का निर्माण। | 07.10.2025 14.10.2025 | 52.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | गांव सुरेहती का वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट (400 एकड़) + 2 कार्य। | 06.10.2025 13.10.2025 | 115.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 903476692 jhajjarsco@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, कैथल | एनसीडी नॉन कम्यूनिकेबल डिजिजेज प्रोग्राम के तहत औषधियों और कंज्यूमेबल्स की खरीद। | 08.10.2025 18.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 5 पर एलटी 3.5 कोर एल्यूमीनियम कंडक्टर 400 एमएम2 एक्सएलपीई इंसुलेटेड, आर्मर्ड केबल की आपूर्ति, स्थापना व प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | 5.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 12 | सूचना प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | 2 वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों / बोर्डों / निगमों के लिए एसएसएल सर्टिफिकेट्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के सम्बन्ध में आरएफपी। | 30.09.2025 04.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 rajeshpandey.ditech@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/39351/I/88/6 दि. 08.10.25

रोहतक
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 250
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 18.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का संवाद

# गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है और कुछ बड़ा करना है, वही कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके गुरु ने उन्हें हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए काम करने और कुछ बड़ा करने का आदेश दिया। वे हिंदू राष्ट्र और हिंदुस्तान के लिए काम करने का प्रण लेकर काम कर रहे हैं। वे देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन लक्ष्य कब मिलेगा इस बारे में कुछ नही कहना चाहते। उनका कहना है कि बस्तर में हो रहे धर्मांतरण के मामले रूकें विकास की गूंज वहां दिखे। छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की दिशा में आगे बढ़े इसके लिए कार्य हो यही हमारी कामना है। धीरेंद्र शास्त्री से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष चर्चा के कुछ अंशः

- **बड़े हुजूम के साथ रात 1 बजे तक लोगों के बीच हैं। आपकी दिनचर्या सुबह आठ बजे शुरू होती है, फिर भी इतनी रात सक्रिय हैं। इसका राज क्या है ?**
- जिंदगी में जब आपको सफलता प्राप्त करनी हो, और कोई जोश और जुनून आपके पीछे लगा हो तो, आपको बातों से नही रातों पर ध्यान देना होगा। सोने के बहुत से तरीके हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने जागना जरूरी है। स्वयं रातों में नहीं जागूंगा तो दूसरों को जगा भी नहीं पाऊंगा।
- **बहुत कम उम्र में अपने आपको इस मुकाम पर देखते हैं तो कितने चौंकते हैं ?**
- हम एक इंस्ट्रूमेंट हैं, बजा भगवान रहे हैं। हमारी केवल काया है, यह पूरी की पूरी माया है। हम सिर्फ एक वाद्य यंत्र है फूंक वो रहे हैं। हम केवल रंग का डब्बा है, रंग वह भर रहे हैं। हमारे गुरु ने एक रास्ता दिया है, हमारे गुरु ने यह कहा है कि तुम्हे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदूस्तान के लिए जीना है। कुछ बड़ा करना है, बड़ा करके ही मरना। उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। गुरु की बातों को लेकर चल पड़े। हमें यह नहीं पता कि कितने लोग हमसे जुड़े। हमें यह भी पता नहीं कि लोग हमें कितनी गंभीरता से लेते हैं। हमें जो भी बोलना है, सत्य बोलना है, सटीक बोलना हैं। तर्क के साथ बोलना है। जो बात आज के जमाने में लोग बोलने में हिचकते हैं वो बात सीधे बोलना है। अंत में मैं यही कहूंगा कि आप मुझे पसंद नहीं करोंगे तो, आप मुझे नजर अंदाज भी नहीं कर सकते।

हरिभूमि खास



- **साधक होने का बोध कब आया आपको कि मुझे यह करना है? आपको किस उम्र में यह विचार आया ?**
- हमारी जिंदगी में एक रात ऐसी थी, जिस रात बोध जनमा। हमारे गुरु की जिस गांव में हमारा जन्म हुआ वहीं ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म 4 जुलाई 1996 को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं और वर्तमान में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। उन्होंने अपने पिता से धार्मिक शिक्षा प्राप्त की और आध्यात्म में गहरी रुचि के कारण कथावाचन व दिव्य दरबार लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिता का नाम राम कृपाल गर्ग और माता का नाम सरोज गर्ग है। उनके पिता एक पुजारी के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा अपने गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। बचपन से ही उनमें आध्यात्म और हनुमान जी के प्रति गहरी भक्ति थी।

- **आपके गुरुजी आपके दादाजी हैं या कोई बोध है ?**
- उनको गुरुजी के रूप में स्वीकार कैसे कर गए यह हम नहीं जानते लेकिन वह रात हमारे जीवन का लाइटमेंट दिन था। उस रात को हमने कुछ पाया। उसको पाने के बाद हमें कुछ पाने की इच्छा नहीं बची।
- **हिंदू,हिंदुत्व के लिए आपका लक्ष्य क्या है ?**
- जवाब-तलवारों की लड़ाई पर हम भरोसा नहीं करते हम विचारों की लड़ाई लड़ते हैं। हमारा उद्देश्य व्यक्ति का परिवर्तन है। बौद्धिक, सामाजिक, वैचारिक, व्यापारिक और राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सब के प्रति भावना है। हिंदू अभी सोया है। उसे बाहर निकालना है।
- **ईश्वर तो हिंदू के पास हैं ?**
- एक कहानी सुनाते हैं। गांव में एक मांगने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों ने कहा वह जहां पर बैठ कर मांगता था वहीं पर उसे गाड़ दिया जाए। जब उस स्थान को खोदा गया तो उसी की नीचे धन था। व्यक्ति को यह पता ही नहीं था। हिंदू के पास तंत्र मंत्र के अलावा गीता रामायण और अन्य ग्रंथ हैं, लेकिन बोध उनके पास नहीं है। इसी को लेकर हम उन्हें जगाने का प्रयास कर रहे हैं।


---

## जापान दौरा : हरियाणा बनेगा ऑटो मोबाइल, आईटी व नवाचार का हब

# कुबोटा और डाइकिन कंपनियां करेंगी 3000 करोड़ का निवेश

- *हरियाणा बना जापानी कंपनियों के निवेश के लिए पहली पसंद*
- *कुबोटा के ट्रैक्टर हरियाणा के खेतों में दिखाएंगे अपना दम*
- *किसान का श्रम और तकनीक का संगम कृषि को देगा ऊंचाइयां*
- *डाइकिन कंपनी नया रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर करेगी स्थापित*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन दिवसीय जापान दौरा राज्य के औद्योगिक, कृषि और तकनीकी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान 3000 करोड़ रुपये के समझौते हुए। इससे हरियाणा के विकास का एक नया अध्याय शुरू हुआ। हरियाणा सरकार और जापान की प्रसिद्ध कंपनी डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच बुधवार को ओसाका में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत डाइकिन कंपनी हरियाणा में 1000 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करेगी। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री सैनी ने ओसाका स्थित कुबोटा ट्रैक्टर प्लांट का दौरा किया। कुबोटा ने हरियाणा में 2 हजार करोड़ से अधिक निवेश की पेशकश की। अब वह दिन दूर नहीं जब जापान का कुबोटा ट्रैक्टर हरियाणा के किसानों के खेत खलियान में अपना दम दिखाएगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि हरियाणा के मेहनती किसान के श्रम और जापान का तकनीकी संगम कृषि में नई ऊंचाइयां तय करेगा।



### अग्रणी कंपनियों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जापान की अग्रणी कंपनियों और औद्योगिक समूहों से मुलाकात की। इनमें एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बूब, डेंसो, सोजित्ज़, निसिन, कावा किन, डाइकिन और टोप्पन सहित प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। 4400 करोड़ रुपये से अधिक के 10 समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

### ग्लोबल ग्रोथ हब बनाने की दिशा में कदम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह दौरा केवल एक निवेश यात्रा नहीं, बल्कि हरियाणा को 'ग्लोबल ग्रोथ हब' बनाने की दिशा में एक अहम शुरुआत है। साथ ही यह जापान और हरियाणा के विकास, विश्वास और वैभव की सांझी यात्रा है। इस सांझेदारी की झलक ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में हरियाणा पैवेलियन में भी दिखाई दी, जहां जापानी और हरियाणवी नवाचारों का संगम नजर आया। इस सहयोग से जापान और भारत मिलकर 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करेंगे और हरियाणा को नए भारत के मानचित्र पर चमकाएंगे।

**'मिनी जापान सिटी' का सपना**

मुख्यमंत्री ने पहले बजट अभिभाषण (2025-26) में घोषित किए गए 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के वायदे को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। उनका विजन है कि 10 में से एक आईएमटी केवल जापान की कंपनियों के सहयोग से विकसित की जाए। इससे निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जा सकेगा।

---

### प्रदेश में आज से खुलेगा मौसम

## तीन जिलों में हल्की धुंध सुबह-शाम की ठंड बढ़ेगी

दिन का पारा 1.2 डिग्री बढ़ा जो सामान्य से 8.3 डिग्री कम

कई जिलों में बारिश से भीगी धान की फसल

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में बुधवार सुबह सोनीपत, पानीपत और करनाल में हल्की धुंध देखने को मिली। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ का कहना है कि राज्य में 2 दिनों से एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ का असर गुरुवार से कम हो जाएगा। इस बीच पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी पड़ेगा। सुबह व शाम अब ठंड महसूस होने लगेगी। दिन का तापमान 1.2 डिग्री बढ़ा है, लेकिन अभी भी सामान्य से 8.3 डिग्री कम है। पलवल में सबसे अधिक 32 डिग्री, नारनौल में सबसे कम 22 डिग्री रहा है। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 15.3 मिमी. बारिश हुई है। मंगलवार को हुई बारिश से 12 जिलों की मंडियों में पहुंचा धान भीग गया।

---

### आईपीएस आत्महत्या मामला : पत्नी ने पोस्टमार्टम नहीं करवाया

## पूरन कुमार ने वसीयत बनाई, सुसाइड नोट में दो बड़े अधिकारियों का नाम



अमेरिका से बेटी के लौटने के बाद होगा संस्कार

पत्नी अमनीत जापान दौरा बीच में छोड़कर लौटी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईपीसी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या प्रकरण में बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने मरने वाले दिन सुसाइट नोट और एक दिन पहले अपनी वसीयत तैयार की थी। सुसाइड नोट में कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जिनमें सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हैं। आईपीएस का बुधवार को पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। पूरन कुमार की पत्नी ने कहा कि बड़ी बेटी के अमेरिका से लौटने के बाद ही पोस्टमॉर्टम होगा और वे अंतिम संस्कार करेंगे।

### डीजीपी और एसपी के खिलाफ शिकायत

सूत्रों का कहना है कि उन्होंने अंग्रेजी में 8 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें अफसरों और कुछ आईएएस के नाम दिए हैं। वहीं, उनकी पत्नी वरिष्ठ आईएएस अमनीत पी. कुमार ने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया के खिलाफ शिकायत दी है। उन्होंने अपनी शिकायत चंडीगढ़ पुलिस के सेक्टर-11 थाने में दी है और शिकायत में उनके पति का उत्पीड़न करने, जातिगत भेदभाव और उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।

---

## दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को वर्षों तक अस्थायी रखना समानता व गरिमा का उल्लंघन : हाईकोर्ट



हाईकोर्ट ने पंजाब व हरियाणा सरकारों पर उठाए सवाल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा व पंजाब की राज्य सरकारों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वे लंबे समय से सेवा दे रहे अस्थायी, दैनिक वेतनभोगी और अनुबंधित कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर संवैधानिक अदालतों के निर्णयों से बचने की नीति अपना रही हैं। कोर्ट ने इस रवैये को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह न केवल कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि समानता और गरिमा के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

### राज्य बार-बार ऐसी नीतियां बना रहे

एकल पीठ ने कहा कि दोनों राज्य बार-बार ऐसी नीतियां बनाते हैं जिनका उद्देश्य अदालतों के आदेशों को लागू करने से बचना होता है। उन्होंने कहा कि अक्सर नियमितीकरण के दावों को न तो स्वीकार किया जाता है और न ही अस्वीकार, जिससे कर्मचारी वर्षों तक अनिश्चितता की स्थिति में पड़े रहते हैं।

---

### बहादुरगढ़ के ज्वेलरी शोरूम में वारदात

## दो किलो सोना, 30 किलो चांदी चार लाख कैश लेकर फरार

कार में सवार होकर आए चोरों ने उखाड़े शटर

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** अल सुबह पांच शातिर चोरों ने कबाड़ी मार्केट में स्थित कोमल ज्वेलर्स का शटर उखाड़कर दो किलो सोना, 30 किलो चांदी, चार लाख की नकदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी में चोरी की यह वारदात कैद हो गई है। वैगनआर कार में सवार होकर आए चोरों ने सुबह तीन बजकर 39 मिनट पर वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब किसी व्यक्ति की नजर पड़ी तो शोरूम मालिक को सूचना दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### सोनीपत में गडकरी ने किया इलेक्ट्रिक स्टेशन का लोकार्पण

# अब डीजल नहीं, बैटरी से दौड़ेंगे भारी भरकम ट्रक, घटेगा प्रदूषण

उत्तर भारत का पहला कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को गन्नौर पहुंचे। उन्होंने यहां गांव पांची गुजरान स्थित दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया। उनके साथ केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री, एचडी कुमार स्वामी भी रहे। दोनों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह स्टेशन उत्तर भारत में कॉमर्शियल वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की एक नई शुरुआत है, जिसके बाद अब सड़कों पर दौड़ रहे भारी-भरकम ट्रक डीजल नहीं, बल्कि बैटरी से चलेंगे।

### साफ-सुधरा और स्वच्छ ऊर्जा भरा सफर

**ज्यादा अच्छे और सस्ते**

आज देश में ट्रक कुल वाहनों का केवल 4% हैं, लेकिन ये पूरे देश के 30% कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में अगर ये ट्रक इलेक्ट्रिक हो जाते हैं तो प्रदूषण काफी हद तक कम होगा।




**चार्जिंग और बैटरी स्वेपिंग स्टेशन**

इलेक्ट्रिक ट्रकों को चार्ज करने की चिंता भी कंपनी ने दूर कर दी है। देश में बड़े-बड़े चार्जिंग और बैटरी स्वेपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। यहां ड्राइवर अपने ट्रक की बैटरी तुरंत बदल सकेंगे या चार्ज कर सकेंगे।

### गांव पांची गुजरान में टर्मिनल की शुरुआत

उत्तर भारत का पहला कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वेपिंग एवं चार्जिंग स्टेशन गन्नौर के गांव पांची गुजरान में डीआईसीटी टर्मिनल की शुरुआत हुई है। कार्गो टर्मिनल में पहले चरण में 25 बैटरी से चलने वाले कॉमर्शियल ट्रक पहुंचे हैं। एनर्जी इन मोशन एम की तरफ से शुरुआत की जा रही है। एनर्जी इन मोशन कंपनी का रविंद्रा एनर्जी लिमिटेड कंपनी के साथ 50% की हिस्सेदारी है।




AUTHORIZED NISSAN DEALERS: HARYANA: ROHTAK: BA NISSAN- 8291041277, AMBALA: VELOCITY NISSAN- 8291045360, BHIWANI: ELINA NISSAN- 9167220345, FARIDABAD: YOUWE NISSAN- 8291104586, FATEHABAD: RPJ NISSAN- 9619895181, GURUGRAM: SECTOR 14: VERTEX NISSAN- 8291044902, HISSAR: ELINA NISSAN- 8291045904, KARNAL: BA NISSAN- 9619951613, KUNDLI: SONIPAT: MALWA NISSAN- 9167998356, SIRSA: RPJ NISSAN- 8291041876, CHANDIGARH: SPEED NISSAN- 9619895206.

Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31st October 2025 or till stocks last. The all-inclusive price of INR 5.99 Lakh is for Magnite Visia Non-Turbo with Manual transmission and only applicable in Haryana*. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. 'Segment refers to B-SUV models with Length <4m. ‡Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ˜Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. #Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party.@GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\38980925

NISSAN FINANCE

## खबर संक्षेप

### नवोदय स्कूल में प्रवेश की अंतिम तिथि 21 तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। अब पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन 21 अक्टूबर तक नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट पर दिए लिंक पर जाकर कर सकते हैं। यह जानकारी उपायुक्त एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती ने दी है।

### खैर की लकड़ी बेचने जा रहे 14 तस्करों पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** जंगल से लाखों रुपये की खैर की लकड़ी काटकर बेचने जा रहे 14 खैर तस्करों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। वन विभाग की टीम द्वारा आरोपियों से बिल मांगने पर गलत बिल पेश किया। पुलिस ने आरोपी खैर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। कलेसर वन्य जीव निरीक्षक लीलु राम ने प्रतापनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह छह अक्तूबर को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि कुछ खैर तस्कर जंगल से खैर के पेड़ काटकर उन्हें गाड़ी में भरकर बेचने के लिए लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने बहादुरपुर के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक गाड़ी आती दिखाई दी। विभाग की टीम ने जब गाड़ी को रोककर उसे चैक किया तो उसने खैर की लकड़ी भरी हुई थी।

## बड़ा हादसा : हरियाणा से चावलों के भरे कंटेनर महाराष्ट्र जा रहे थे

# मालगाड़ी पटरी से उतरी, अधर में फंसा करोड़ों रुपये का चावल

### डिरेल होकर दूसरी लाइन पर गिरीं चावल से भरी बोगियां



*डीएफसीसीएल के इंजीनियर्स व कर्मचारियों ने रेल यातायात सुचारू कराने के प्रयास युद्ध स्तर पर शुरू कर दिए, परंतु बुधवार शाम तक यातायात सुचारू नहीं हो सका था। गाड़ी पलटने से करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।*

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा से चावलों के भरे कंटेनर लेकर महाराष्ट्र के कांडीवाली के लिए चली डीएफसीसीआईएल की ट्रेन राजस्थान के न्यू श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास डिरेल हो गई। ट्रेन की बोगियां दूसरी लाइन पर गिर गईं, जिससे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लाइन पर रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गया। डीएफसीसीएल के इंजीनियर्स व कर्मचारियों ने रेल यातायात सुचारू कराने के प्रयास युद्ध स्तर पर शुरू कर दिए, परंतु बुधवार शाम तक यातायात सुचारू नहीं हो सका था। मालगाड़ी के पलटने से करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं निगम ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के चावल से भरे 58 कंटेनर लेकर एक मालगाड़ी न्यू रेवाड़ी स्टेशन से बीते मंगलवार को महाराष्ट्र के कांडीवाली के लिए रवाना हुई थी।



रेवाड़ी। ट्रैक से बोगियों को हटाते हुए क्रेन व मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कारोबारियों का माल रास्ते में अटका

इस ट्रैक की अप और डाउन दोनों लाइनों से दैनिक लगभग 90 मालगाड़ियों का आवागन होता है। यूपी के दादरी और महाराष्ट्र के कांडला व जवाहरलाल नेहरू पोर्ट से हजारों की संख्या में कंटेनरों का आवागमन होता है। आयात और निर्यात से लेकर खाली कंटेनरों को भी लाया और ले जाया जाता है। ट्रैक बाधित होने के बाद दोनों ओर से कारोबारियों का माल रास्ता में ही ब्लॉक हो गया है। तय सीमा में पहुंचने वाले उत्पादों के खराब होने का संकट तो पैदा हो ही गया, साथ ही कारोबारियों को सामान मंगवाने और भेजने में भी देरी का सामना करना पड़ गया है।

### मालवाहक ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद

जब यह ट्रेन न्यू श्री माधोपुर रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची, तो होम सिग्नल के पास मोड़ पर ट्रेन का इंजन और 38 बोगियां रेलवे लाइन से उतर गए। ट्रेन की स्पीड ज्यादा होने के कारण बोगियां अप लाइन से डाउन लाइन पर गिर गई। इससे दोनों रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। फ्रंट कॉरिडोर पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। डीएफसीसीआईएल प्रशासन में इस घटना में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद इंजीनियर्स की टीम व तकनीकी कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया। क्रेनों की मदद से लाइनों से बोगियों को हटवाने का कार्य शुरू किया गया। अप और डाउन दोनों लाइनों पर कंटेनर और मालवाहक ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद हो गया। मालगाड़ी के डिरेल होने से फ्रंट कॉरिडोर की बिजली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे ट्रैक की बिजली भी पूरी तरह से बंद हो गई। बाद में बिजली लाइनों को भी दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया।

### मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारी

इस रेल हादसे के बाद डीएफसीसीआईएल के एमडी प्रवीन कुमार खुद श्रीमाधोपुर पहुंच गए। दोपहर तक कई क्रेनों को बोगियां हटकर ट्रैक खाली कराने का कार्य शुरू करा दिया गया। सूत्रों ने बताया कि डिरेलमेंट के बाद रेलवे ट्रैक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है, जिससे अप-डाउन दोनों लाइनों पर यातायात सुचारू करने में वीरवार तक का समय भी लग सकता है। निगम के एक अधिकारी संतोष कुमार के अनुसार अभी डिरेल होने के कारणों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति को पूरी तरह साफ किया जाएगा।



सिरसा। माखोसरानी के समीप टूटी बरूवाली नहर। फोटो : हरिभूमि

## सिरसा में बरूवाली नहर टूटी

# चौपटा में बाढ़ जैसे हालात 200 एकड़ जमीन जलमग्न

### सिंचाई विभाग ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चोपटा

क्षेत्र में गांव माखोसरानी के समीप बरूवाली नहर बुधवार सुबह के समय टूट गई। नहर के टूटने से करीब 200 एकड़ भूमि में जलभराव हो गया। नहर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नहर को नहराना हेड से बंद करवाया गया। तीन दिन पहले शेरांवाली नहर भी उमेदपुरा व मेहणाखेड़ा के समीप टूट गई थी। इससे सौ एकड़ भूमि में जलभराव हो गया था। गांव माखोसरानी के समीप वरूवाली नहर में गांव निवासी बंसीलाल श्योरण के खेत की तरफ बुधवार सुबह करीबन 9 बजे दरार आ गई। इससे नहर में 80 फीट कटाव गया। जिससे तेजी से खेतों की तरफ पानी बहने लगा। किसान बंसी श्योराण, कृष्ण श्योराण, बंसी भाखर, प्रताब भाखर, प्रताब श्योराण विकास नागल की 35 एकड़ में पानी भर गया है। किसानों ने नहर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद नहर को नहराना हेड से बंद करवाया गया। इसके बाद नहर को जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया है।

## फतेहाबाद में हादसा, बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी बस

# डीएवी स्कूल की बस के नीचे आने से व्यक्ति की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



**घटना के समय बस में 35-40 बच्चे सवार थे**

पुराना बस स्टैंड के पास बुधवार दोपहर को बच्चों को घर छोड़ने जा रही डीएवी स्कूल की बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी को चोटें आई है। हादसे में व्यक्ति का सिर बस के अगले टायर के नीचे बुरी तरह कुचला गया। घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए वहीं सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। एसबीपी डीएवी स्कूल फतेहाबाद की बस बुधवार दोपहर को छुट्टी के बाद बच्चों को वापस घर छोडने जा रही थी। बस में उस समय 35-40 बच्चे सवार थे। जैसे ही बस पुराने बस स्टैण्ड के पास पहुंची तो यह हादसे हो गया। मातूराम कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय संजय कुमार दोपहर बाद अपनी पत्नी मधु के साथ हिसार रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल में दवाई लेने के लिए जा रहा था। इसके लिए दोनों पति-पत्नी ऑटो लेने के लिए मेन सडक़ की तरफ पैदल जा रहे थे। जैसे ही वह पुराने बस स्टैंड के पास सिविल अस्पताल को जाने वाली रोड के सामने पहुंचे तो एसबीपी डीएवी स्कूल की बस ने पति-पत्नी को टक्कर दे मारी। एकदम से बस ड्राइवर ने संजय पर बस चढ़ा दी।

### भ्रूण मिलने के मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** राजौंद क्षेत्र में एक नवजात भ्रूण मिलने के मामले में थाना राजौंद पुलिस द्वारा एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। राजौंद निवासी मनप्रीत सिंह की शिकायत अनुसार 6 अगस्त को सुबह जब वह अपने डेरा से कस्बा राजौंद की तरफ आ रहा था तो ज्ञान दीप स्कूल, रोहेड़ा रोड राजौंद के पास झाड़ियों में नवजात भ्रूण मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। शिकायतकर्ता ने तुरंत डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस की टीम ने पानीपत निवासी एक 45 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया, जो भ्रूण को जन्म देने वाली नाबालिग युवती की मां है। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मामले में इससे पूर्व 80 वर्षीय महिला राजकली को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## जींद के फ्लाईओवर पर दर्दनाक हादसा

# गाय को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत, दूसरा घायल

### बिना हेलमेट बाइक चलाना बना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

बडा बीड वन में पुराना हांसी रोड पर लावारिस पशु से टक्कर से बचने के फेर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालात में पीजीआई रोहतक रेफर किया है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वाल्मीकि मोहल्ला भिवानी रोड निवासी अमित (23) उसका दोस्त अजय बीती देर रात बाइक महर्षि वाल्मिकी



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो : हरिभूमि

शोभा यात्रा में शामिल होने के बाद बाइक पर पटियाला चौक से वाया टेंडरी मोड पुराना हांसी रोड से देवीलाल चौक की तरफ आ रहे थे। बड़ा बीड़ वन में रेलवे ओवरब्रिज के निकट अचानक बाइक के सामने अचानक लावारिस पशु आ गया। टक्कर से बचाने के फेर बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक डिवाइर से जा टकराई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि अजय की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। भाई रेडीमेड दुकान पर कार्य करता था।

### हैंड ग्रेनेड और 5 जिंदा रौंद के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा गिरफ्तार हैंड ग्रेनेड और 5 जिन्दा रौन्द के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल व पीएसआई प्रमोद, उप निरीक्षक प्रेम, रणधीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र, लखन सिंह की टीम ने आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश पर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल ने बताया कि दिनांक 7 अक्टूबर को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पंजाब नंबर की एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक पेहवा एरिया में घूम रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### हांसी में 222 किलोग्राम विस्फोटक पटाखों सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हांसी।** जिलेभर अपराधों पर लगाम लगाते हुए स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 222 किलो विस्फोटक पटाखों के साथ एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान फीकापीर चौक निवासी सन्नी के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ पुलिस में तैनात एएसआई कर्मबीर ने बताया कि सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी फीका पीर चौक नजदीक तिकोना पार्क अपनी दुकान में बिना लाइसेंस के अवैध रुप से विस्फोटक पटाखे बेच रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर पहुंच पर मौके से 222 किलो विस्फोटक पटाखों सहित आरोपी सन्नी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मामला दर्ज किया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एमसीआर के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-1 और 14 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 2 कार्य। | 07.10.2025 17.10.2025 | रु. 530.26 | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में शैड, सोलर प्लांट के साथ-साथ चारदिवारी सहित एनीमल डी-कम्पोजर कम इनसिनरेटर का निर्माण। | 07.10.2025 22.10.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39340/I/88/6 दि. 08.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | बड़े पार्क का सौन्दर्यीकरण + 3 कार्य (जुलाना)। | 06.10.2025 13.10.2025 | रु. 73.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secy-julana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39321/I/88/6 दि. 08.10.25

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Mansi Gaur**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**VASIM**
**Vs.**
**Deceased Jogender through Legal heirs**
**CNR No. HRSOA0-00385-2020**
**CASE No. CS/319/2020**
**Next Date : 24.11.2025**

Deceased Jogende
It is prayed that a decree of specific performance of agreement to sale dated 26.12.2019 as detailed in para no.1 of the plaint be passed in favour of the plantiff and against the defendants by directing the defendant to execute a sale deed in favour of the plaintiff by accepting the balance sale consideration of the suit land and directing the defendant to handover the vacant and physical possession of the suit land to the plaintiff, may kindly be passed in favour of the plaintiff and against the defendant, in the interest of justice.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
2. Smt. Angoori 3. Smt. Mantri Devi 4. Smt. Sheela daughters of Mehar Singh S/o Harkesh all R/o Village Chulkana Tehsil Samalkha District Panipat

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **24.11.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat*

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 01.10.2025

## शब्द पहेली - 6013




**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 6012 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | नि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | खा | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |



## हर्षोल्लास के साथ मनाया 93वां वायुसेना दिवस

# एयरफोर्स चीफ बोले- पाकिस्तान को 4 दिन में धूल चटाई, 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका उदाहरण

## ◆ स्वदेशी हथियारों ने दुश्मनों पर सटीक प्रहार किए




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| गाजियाबाद/नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना का 93वां वायुसेना दिवस गाजियाबाद के हिंडन स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर मनाया गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अफसरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने शत्रु पर सिर्फ चार दिनों में विजय प्राप्त की। हमारा प्रदर्शन हमें पेशेवर गौरव से भर देता है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि सावधानी के साथ योजना बनाकर, अनुशासन के साथ ट्रेनिंग और दृढ़ निश्चय के साथ क्या हासिल किया जा सकता है। स्वदेशी हथियारों ने दुश्मन के इलाके में अंदर तक सटीक प्रहार किए। इससे पहले वायुसेना के विमानों ने शानदार करतब दिखाए। विमानों से तिरंगा लहराया गया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम 'सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' है। यह दिवस ऑपरेशन सिंधु के वीर योद्धाओं को समर्पित है। एयरफोर्स के हेलिकॉप्टरों और फाइटर प्लेन्स ने करतब दिखाए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी हिंडन एयर बेस पर वायुसेना दिवस समारोह में शामिल हुए।



चीफ ऑफ डिफेंस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने नई दिल्ली में नेशनल वार मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

### रडार सिस्टम भी शामिल



वायुसेना दिवस में रडार सिस्टम को भी रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर में रडार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसने दुश्मन देश के एयरक्राफ्ट को एंट्री करने से रोके था।

### राष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा कि वायुसेना के सभी वॉरियर्स और उनके परिवारों को एयरफोर्स डे की बहुत बधाई। भारतीय वायुसेना अपनी बहादुरी, अनुशासन और सटीकता के लिए जानी जाती है। वायुसेना आसमान में सुरक्षा में अहम भूमिका अदा करती है। प्राकृतिक आपदाओं में भी उनका अहम रोल होता है। उनकी प्रतिबद्धता, पेशेवर अंदाज और अदम्य साहस पर भारतीयों को गर्व है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि वायुसेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई।

# मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क खोजा, जिसका उपयोग गैस को जोड़े रखने व कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए होगा

## रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/स्टॉकहोम

रसायन में नोबेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो चुकी है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया।

इस साल ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2025 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। सुसुमु कितागावा जापान के क्योटो विश्वविद्यालय से हैं, रिचर्ड रॉबसन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय से और अमेरिका के बर्कले स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से उमर एम. याघी हैं।

**ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान) रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला**



सुसुमु कितागावा



रिचर्ड रॉबसन



उमर एम. याघी

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में योगदान

रसायन में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में अपने योगदान के लिए दिया गया है। जो कि कार्बन और मेटल दोनों से मिलकर बने होते हैं, इनका उपयोग केमिकल प्रोसेस में सहयोग, गैस को जोड़े रखने और कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए किया जाता है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू .....

बालाजी भगवान का स्थान है। जहां सन्यासी बाबा ने 320 साल पहले तप किया था। उन्होंने 84-85 साल तक वे केवल हनुमान चालीसा का पाठ करते बिताए। सिर्फ एक ही काम किया। 120 साल की उम्र थी उनको जिंदा समाधि दी गई। उनको हनुमान जी का साक्षात्कार हुआ था। हनुमान जी ने उनसे कहा कि हमें बालाजी के नाम से जाना जाए। जैसा हमारे दादा जी ने बताया। मेरे दादाजी की उस क्षेत्र में धार्मिक साधना, आराध्य और उनकी स्वीकारोक्ति भी थी। वे फक्कड़ थे, धूमी रमा के रहते थे। बड़े तर्क वादी थे, उनकी फिलासपी बड़े उच्च लेबल की थी। छह फीट की हाइट, लंबी जटाएं, लंबी दाड़ी, लाल आंखें और गोरा चेहरा था। पहले वो गृहस्थ थे, बाद में उन्होंने सन्यास लिया। जब बोलते थे तो अदभूत बोलते थे। आजानबाहू थे, घुटने तक उनकी बांहे थी। रामानंदी तिलक लगाते थे। हमारी उम्र 8 साल की रही होगी। हम उनसे बहुत डरते थे। मिठाई और फल चढ़ते थे इस कारण वहां चले जाते थे। हमारे पिताजी कुछ करते नहीं थे। मिठाई खाने हम वहां जाते थे। उनका स्नेह हमारे प्रति रहा। शायद हम अभाव में जी रहे थे इसलिए भी हो सकता है कि हमारी मां ने कहा तुम्हारे गुरु जी दद्दा जी बहुत जानते हैं उसने कुछ मांग। हम वहां चले गए बालाजी की छोटा सा मंदिर था वहां पर वो बैठे थे। हमने कहा सन्यास लेने के पूर्व में आप हमारे खानदान से हैं। हम आपके बेटा के बेटा है। घर का खस्ताहाल है भोजन भी तीन दिन से नहीं बने हैं। मकर संक्रांति आने वाली है। चावल खाकर हम पेट भर रहे हैं, कुछ कृपा करो। पिता जी से उन्होंने कहा रात हो गई है आप घर जाओ धीरू को रहने दो। रात 12 बजे उन्होंने स्नान किया। ठंड थी धीमी आग के सामने वो बैठ गए और रात 1 बजे हमारी बांह पकड़ी उस रात से हमें अजीब सा लगने लगा। दिखता तो कुछ नहीं पर अनुभव होता है और हम वह सब कह जाते हैं। तब से लेकर अब तक वह सिलसिला चल रहा है।

***सवाल -सुभाष चंद्र बोस जयंती पर आपने हिंदू राष्ट्र देने नारा दिया था, तुम हमारा साथ दो हम हिंदू राष्ट्र देंगे। यह अभियान कहां तक पहुंचा?***

जवाब- बस अभी उसी दिशा चले हैं। 80 करोड़ से ज्यादा हिंदू है। कहां तक पहुंचे यह नहीं कह सकते पहले कहा जाता है गर्व से कहो हम हिंदू हैं। अब लोग यह कह रहे हैं कि हम हिंदू हैं, तो यात्रा चल पड़ी है। हमे भविष्य वक्ता नहीं बनना है, न ही मैं यह हूं। संभावनाएं लोग जताते हैं। लेकिन भारत का भविष्य दिखाई दे रहा है। अगर हम अभी नहीं संभले तो भारत को गुलाम होने से कोई नही रोक सकता। भारत में जातिवाद के नाम पर सड़क पर लोगों को मरते हुए कोई रोक नहीं सकता। भारत में प्राचीन परंपरा पर ऊंगली उठाने वालों को कोई रोक नहीं सकता। भारत की कंगाली कोई रोक नहीं सकता यदि वर्तमान में कोई अच्छी व्यवस्था नहीं हुई तो। भारत अंदर खोखला होते जा रहा है। विश्व स्तर पर भारत जरूर आगे बढ़ता दिख रहा पर गांव कमजोर हो रहे हैं। लोग शराब और नशे के आदि हो रहे हैं। भारत को एक समय पूजा जाता था पर उसकी संस्कृति आज किस कगार पर खड़ी है लोगों को इसका बोध नहीं है। देश में अमीरों के काम जल्दी होते हैं। गरीबों का काम नहीं होता। लोग नोंचने में लगे हैं

***सवाल- देश में बदलाव के लिए आपके पास क्या मॉडल है। लोग आस्था के साथ देख रहे हैं। ?***

जवाब- मेरे पास कोई मॉडल नहीं है। हम सरकार नहीं है, इसलिए मॉडल रख नहीं सकते। मॉडल के लिए साधू संत हैं। बालाजी के साथ सरकार लगा है हमारे नाम के साथ नहीं। हम भी चाहते हैं कि हमारे से आपेक्षा न रखे।

**सवालः राजनीति के संबंध क्या विचार है। किस दिशा में जा रही है।?**

जवाब- वोट बैंक की राजनीति राजनीति नहीं कहलाती। जनता के हित में काम करे वहीं राजनीति है। राजनीति के लिए केवल एक नरेंद्र मोदी काफी नहीं हैं। सबको नरेंद्र मोदी बनना पड़ेगा। हम किसी पार्टी के समर्थक नहीं हैं। राहुल गांधी से हमारी मुलाकात नहीं हुई उस पर कुछ नहीं कहूंगा। राजनीति पर बयान नहीं देता। दो नांव पर यात्रा नहीं करनी चाहिए।

**सवाल-हॉस्पिटल के चक्कर में कहां पड़ गए?**

जवाब- धर्म को सामाजिक नहीं करेंगे तब तक हम हिंदू धर्म से दूर हो जाएंगे। मंत्र भी विज्ञान है, जो कृपा से ठीक न हो उसे दवा दी जाए। अब हॉस्पिटल का काम करना है तो हमारे कार्यक्रमों में कोई फर्क नहीं पड़ा।

***सवालः एक हिंदू को आप कैसे देखते हैं। आपकी धारणा क्या है?***

जवाबः केवल तिलक लगाना, घंटी बजाना हिंदू होना नहीं है। अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना, मानव सेवा करना हिंदू होना है। जब तक हिंदू को सामाजिक सेवा से नहीं जोड़ेंगे हिंदू वैश्विक नहीं होंगे।

***सवाल-आपका सन्यासी रहेंगे या गृहस्थ जीवन में कब प्रवेश करेंगे।***

जवाब-माता-पिता इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठीक ठाक परिवार मिले तो हम दूल्हा बनकर चढ़ जाएंगे। अभी हमारे माता पिता ने अभी नहीं सोचा। आप जगत कल्याए का रास्ता चुनेंगे या जीवन में

***सवाल-वीआईपी से बागेश्वर धाम में नहीं मिलेंगे यह घोषणा की है ऐसा क्यों?***

जवाब- हमारे पास बहुत लोग मिलना चाहते हैं। वीआईपी लोगों से मिलने में समय बहुत लग जाता है। हम लोगों बीच का काम करें। कम से कम एक दिन का समय वीआईपी के लिए कर दिया है। बाकि समय आम लोगों को ज्यादा देते हैं।

***सवाल-बागेश्वर धाम सरकार के दर्शनार्थ जाते हैं या धीरेंद्र शास्त्री से मिलने आते हैं।?***

जवाब- एक पंथ दो काज के संबध में बागेशवर धाम आते हैं। यहां पर बालाजी के भी दर्शन हो जाते हैं। अपने क्षेत्र में एक मिशन स्वास्थ्य पकड़ा है इसमें डेढ़ सौ करोड़ लगना है। यह निकल जाएं तो आगे विद्यालय बना रहे हैं, जो उसमें बच्चों को संस्कृति और अन्य चीजों की शिक्षा देंगे।

***सवालः अस्पताल बनाने के चक्कर में कैसे पड़ गए। कामकाज को कितना प्रभावित किया।***

जवाबः कामकाज तो प्रभावित नहीं हुआ। लेकिन हम मस्तराम मस्ती में जीने वाले आदमी है। अस्पताल का प्रण लेने के बाद चिंता करनी पड़ती है कि सीमेंट खरीदना है, लोहा खरीदना है। अब जंगला खरीदने हैं। खिड़की खरीदनी हैं। अब कथा करने चलो। कोई भक्त मिल जाए दान दक्षिणा मिल जाए तो अस्पताल के काम आ जाए।

***सवालः इस यात्रा पर कभी ऐसा विचार आता है कि यह छूट गया, यह कर लेना चाहिए?***

जवाबः हमारे गुरु ने कहा था दूसरों को सुख देना है। भजन करो तो भोजन की चिंता नहीं रहेगी। दूसरों को रास्ता दिखाने का रास्ता चुनो। परमार्थ का रास्ता चुन लिया है। उसकी संतुष्टि होती है। कुछ छूटने का विचार नहीं आता।

### सोना 2,600 बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। वहीं, बुधवार को चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गईं।

### शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 153 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 153 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 62 अंक के नुकसान में रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसमें 611.66 अंक की घट-बढ़ हुई। निफ्टी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 25,046.15 अंक पर बंद हुआ।




| MODEL | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 801/-* | ₹9 150/-* | ₹11 424/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 800/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 601/-* | ₹12 450/-* | ₹15 624/-* |

10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

चिंतन

# कांग्रेस का पीछा ही नहीं छोड़ रहे उसके कारनामे

सत्ता में रहने के दौरान किए गए कारनामों को लेकर कांग्रेस लगातार घिर रही है। ये कारनामे बीते 11 सालों से सत्ता से बाहर कांग्रेस का पीछा छोड़ते नजर नहीं आ रहे। बीते दिनों पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने खुलासा किया कि वे मुम्बई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को तैयार थे, लेकिन बाहरी दबाव के चलते ऐसा नहीं कर पाए। मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी। चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय की अमेरिकी विदेश मंत्री राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार लगातार विदेशी दबाव में थी और उनके अनुसार ही फैसले ले रही थी। आतंकवाद पर तो कांग्रेस की नीति न केवल लचर थी बल्कि कांग्रेस सरकार कड़ा फैसला ही नहीं ले पाई। यही कारण रहा कि देश में आतंकी हमले होते रहे और निर्दोष नागरिक जान गंवाते रहे। जबकि सरकार बदलने के बाद पिछले दो दशकों में आतंकवाद को लेकर भारत की नीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रवाद की गहराई से जुड़ी भावना के साथ पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, हर मोर्चे पर निर्णायक और घातक वार किया गया। 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी पर हुआ हमला निस्संदेह सबसे भयानक, घातक और खतरनाक था। मुंबई को दुश्मनों ने घेर लिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी शहर में घुसे, प्रमुख स्थानों पर फैल गए और लगभग 12 स्थानों पर बम धमाके कर, निर्दोष नागरिकों को बंधक बनाकर, कई दिनों तक आतंक का तांडव मचाया। इसमें 160 से अधिक लोगों की जान गई। पाकिस्तानी आतंकी कसाब जीवित पकड़ा गया। उसने खुद कबूल किया कि इसके पीछे पाकिस्तान था। भारत के पास खुद अपराधी का इकबालिया बयान था। दुनिया देख रही थी, पाकिस्तान कांप रहा था, लोग गुस्से में थे, कांग्रेस सरकार अमेरिका के दबाव में थी। जबकि 2014 के बाद आतंकवाद पर देश की नीति ही बदल गई। पठानकोट में वायुसेना अड्डे पर आतंकी हमला हुआ तो भारत ने निर्णायक रुख अपना लिया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हमला हुआ तो इस बार भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कैंप पर एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। 22 अप्रैल 2025 में पहलगाम पर्यटकों पर हमला हुआ तो 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में फैले 9 आतंकवादी ठिकानों पर 24 मिसाइल हमले से सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इस हमले में आतंकियों के सरगना अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए। यह है बदले भारत की तस्वीर, जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अब कोई अमेरिका हमारे फैसले नहीं बदल सकता।



स्वास्थ्य
प्रमोद भार्गव

# सर्दी-खांसी की दवा बनी अभिशाप

सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 23 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। साफ है, नकली दवा कारोबार बेखौफ जारी है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 23 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं, देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सिंतबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी।




अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है। ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं, इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। वजाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। एसौचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व डाक दिवस
प्रो. आरके जैन "अरिजीत"



# कागज, स्याही व संवेदनाएं डाक की अनकही कहानी

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें, जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियां**

कभी-कभी लड़कियों के अच्छे और हौसले की ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं जो उनके हौसले के बारे में जानकर सभी दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। अभी हाल ही में एशिया कप और आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में हमारे देश में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को हरा दिया। सारी दुनिया और पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह समझ गए होंगे कि हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम किसी से कम नहीं है। महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 1976 में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के साथ खेला था। हमारे देश की टीम ने पहली जीत पटना के स्टेडियम मोइन उल हक में वेस्टइंडीज को हराकर हासिल की थी। महिला टीम की और भी कई शानदार उपलब्धियां हैं। *- दीपक पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया में दिवाली पर राजकीय अवकाश घोषित



भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, 'कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है और दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने से लाखों कैलिफोर्निया वासियों तक इसका संदेश पहुंचेगा जो इसे मनाते हैं और विविधता से भरे हमारे राज्य में कई लोगों को इसे अपनाने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली सद्भावना, शांति और नवीनीकरण की साझा भावना के संदेश के साथ समुदायों को एक साथ लाती है।

## ऑफ बीट


# क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा है? विशेषज्ञों की राय




एआई दुनिया बदल देगा। एआई 'अद्भुत सफलताएँ' लाएगा। एआई को बहुत ज़्यादा प्रचारित किया जा रहा है, और यह बुलबुला फूटने वाला है। एआई जल्द ही मानवीय क्षमताओं को पार कर जाएगा, और यह 'अति बुद्धिमान' एआई हम सभी को खत्म कर देगा।' एआई के गॉडफादर', कंप्यूटर वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने कहा है कि अगले तीन दशकों में एआई के कारण मानव के विलुप्त होने की 10-20 प्रतिशत संभावना है। यह एक परेशान करने वाला विचार है – लेकिन इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं और कैसे। इसलिए हमने पांच विशेषज्ञों से पूछा: क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है? पाँच में से तीन ने कहा, 'नहीं"। यहाँ उनके विस्तृत उत्तर दिए गए हैं। असली ख़तरा यह नहीं है कि एआई बहुत ज़्यादा स्मार्ट हो जाए। नहीं। वर्तमान में प्रौद्योगिकी जिस स्थिति में है, उसमें वास्तविक खतरा यह नहीं है कि एआई बहुत अधिक स्मार्ट हो गया है – बल्कि खतरा यह है कि मनुष्य इन उपकरणों के निर्माण और उपयोग के बारे में गलत निर्णय ले रहे हैं। वर्तमान एआई प्रणालियाँ, प्रभावशाली होते हुए भी, मूलतः 'स्टोकेस्टिक पैरट ही हैं। वे परिष्कृत पैटर्न-मिलान में संलग्न हैं जो पूर्वानुमान के माध्यम से बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती हैं।

## ट्रेंड

**श्रद्धासुमन अर्पित**



भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर, मैं उस दूरदर्शी नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतंत्र और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिए।
-सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

**नवाचार को बढ़ावा**



पिछले दशक में भारत की तकनीकी क्रांति की विशेषता गति, पैमाने और नीतिगत सुधार रहे हैं। हमारी सरकार केवल नियामक बनने के बजाय, नवाचार को बढ़ावा देने वाले सुविधाप्रदाता बनने में विश्वास करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**संविधान का अपमान**



सुप्रीम कोर्ट के उच्च न्यायाधीश का जो अपमान किया गया, हम उसकी घोर निंदा करते हैं और ऐसी विचारधारा अगर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास होती है, तो वो संविधान का अपमान है। जो विचारधारा इंसान को इंसान ना माने, वो मानसिकता संविधान के अनुसार नहीं है।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

**नई तकनीक के आधार**



भविष्य जितना एआई जैसी तकनीकों से जुड़ा है, उतना ही धरती के नीचे के संसाधनों से भी जुड़ा है, न केवल सोना, बल्कि तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता, लिथियम आदि हर नई तकनीक के आधार हैं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय शीर्षक्रम बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी, जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी।

### मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा के प्रदर्शन पर होगी नजर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है।

### महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत और लौरा की टीमों के बीच मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से




### गेंदबाजों ने अभी तक किया अच्छा प्रदर्शन

दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है, जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही है। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी । फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। वहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्ज और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मरियाने काप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, काप, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी ।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**द.अफ्रीका** : लौरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मरियाने काप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### आर्कटिक ओपन से लक्ष्य सेन बाहर, मन्नेपल्ली ने भारतीय उम्मीदें जीवंत रखीं

**वंता (फिनलैंड)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी थारुण मन्नेपल्ली ने आर्कटिक ओपन 2025 में देश की पुरुष एकल उम्मीदों को जीवंत रखा जब उन्होंने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन इस साल 10वीं बार पहले दौर में बाहर हो गए। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी मन्नेपल्ली ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए पोपोव को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-11, 22-20 से हराया। उन्होंने निर्णायक गेम में चार मैच प्वाइंट बचाकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की। अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका सामना दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोकी वातानबे से होगा। पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइन में जगह बनाने वाले लक्ष्य को दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका ने 57 मिनट में 21-15, 21-17 से हरा दिया। लक्ष्य को शुरुआत से ही संघर्ष करना पड़ा।

### शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा,'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

### जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।




### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### आईसीसी महिला विश्व कप

# मूनी का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 107 रन से हराया




भाषा ▶▶| कोलंबो

अनुभवी बल्लेबाज बेथ मूनी के शानदार शतक और निचले क्रम की बल्लेबाज एलेना किंग के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला विश्व कप में बुधवार को यहां पाकिस्तान को 107 रन से हरा दिया। बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू (37 रन पर तीन विकेट), ऑफ स्पिनर रमीन शमीम (29 रन पर दो विकेट) और तेज गेंदबाज कप्तान फातिमा सना (49 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 76 रन पर सात विकेट कर दिया था लेकिन मूनी (109) ने 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी एलेना किंग (नाबाद 51) के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर नौ विकेट पर 221 रन तक पहुंचाया। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में नौवें या उससे निचले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौवें विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर और किम गार्थ के बीच 76 रन की थी। मूनी ने 114 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके मारे जबकि एलेना ने 49 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और इतने ही चौके जड़े।

### पाक टीम 36.3 ओवर में 114 रन पर ढेर

पाकिस्तान की टीम गार्थ (14 रन पर तीन विकेट), एनाबेल सदरलैंड (15 रन पर दो विकेट) और मेगान शुट (25 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 36.3 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान की ओर से सिदरा अमीन ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराया था जबकि श्रीलंका के खिलाफ उसका दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

## भारतीय अंडर-19 टीम का जलवा, ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| मैके

भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की।

मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा।



■ युवा टीम ने जीत के साथ किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन, तीन वनडे और एक टेस्ट रहा में विनर

### भारतीय गेंदबाजों का रहा कहर

इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे।

### जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।



### रोनाल्डो बने पहले अरबपति फुटबॉलर, मेसी को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार यह रिकॉर्ड गोल्स या ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि उनकी बैंक बैलेंस के लिए है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक, रोनाल्डो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग 11,50,00,00,000 रुपये) आंकी गई है, जिससे वह फुटबॉल के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह पहली बार है जब रोनाल्डो की संपति इस इंडेक्स में शामिल की गई है। इस मूल्यांकन ने उन्हें विश्व फुटबॉल का सबसे अधिक कमाई करने वाला खिलाड़ी बना दिया। इस मामले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी को काफी पीछे छोड़ दिया।




### बल्लेबाजों की मददगार होगी जेटली स्टेडियम की पिच

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरुण जेटली स्टेडियम पर होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट में पहले दो दिन पिच बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है और तीसरे दिन से इस पर टर्न मिल सकता है। आम तौर पर कोटला की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है लेकिन बाद में धीरे धीरे स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। इस टेस्ट के लिये ताजा पिच तैयार की गई है और शुरुआत में बल्लेबाजों का दबदबा रह सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया,' मुख्य पिच टेस्ट के लिए तैयार की गई है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | पीपी महम सिटी एमसी महम में शौचालय का निर्माण। | 06.10.2025 13.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 [illegible] |
| | | एम.सी. महम में पंचायती भूमि सैमाण की चारदिवारी का निर्माण। | 06.10.2025 13.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | | |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39320/I/88/6 दि. 08.10.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | क्लस्टर हिसार (एम.सी. हिसार, हांसी, बरवाला, उकलाना, नारनौंद और सिवानी) में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | बंद होने की तिथि 28.10.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39350/I/88/6 दि. 08.10.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड ब्रांड (पंचकूला) में चाय और इसके वेरियंट्स (अर्थात नॉर्मल, लेमन, मसाला, ग्रीन टी इत्यादि) और कॉफी की व्यवस्था करने, प्रसंस्करण और पैकिंग के लिए अग्रणी निर्माता का पैनल तैयार करने हेतु अल्प अवधि ई-निविदा सूचना। | 06.10.2025 14.10.2025 | रु. 25,000/- | www.hafed.gov.in | 01722920520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39338/I/88/6 दि. 08.10.25

### अगले सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेंगे भाला फेंक स्टार

# स्विस वादियों में रिकवरी करने पहुंचे नीरज चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह सत्र भले ही चुनौतीपूर्ण रहा हो लेकिन नीरज चोपड़ा को इस पर गर्व है और अगले साल बेहतर वापसी के लिए तैयार होने भारत के यह भाला फेंक स्टार स्विट्जरलैंड लौट गए हैं, जहां उन्होंने खेल में अपने शानदार सफर के कई यादगार पल बिताए हैं।

ज्यूरिख से फोन पर बातचीत में नीरज ने अगले सत्र से उम्मीदों, स्विटजरलैंड से प्यार और घूमने फिरने के शौक के बारे में बताया। उन्होंने कहा,' यह काफी चुनौतीपूर्ण सत्र रहा। मुझे इस पर गर्व है और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। हर प्रतिस्पर्धा से मेरा अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ा है।' उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है।



### अब फोकस मजबूती के साथ वापसी पर

हरियाणा के इस धुरंधर ने इस साल दोहा में 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत सके। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा,' बेहतर प्रदर्शन की गुंजाइश तो रहती ही है और वही प्रेरित भी करती है।' नीरज विश्व चैंपियनशिप में 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है । शरीर अच्छा महसूस कर रहा है और थोड़े आराम और रिकवरी के साथ मैं बेहतर वापसी कर सकूंगा।' उन्हें जरूरी रिकवरी सत्रों के लिए स्विटजरलैंड ही रास आता है। स्विस पहाड़, चारों तरफ हरियाली और इंटरलाकेन से बर्न्स और फिर लुसाने तक की ट्रेन यात्राएं उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने कहा,'लुसाने बहुत ही खूबसूरत है और जेरमाट के पहाड़ बहुत लुभाते हैं।'

### 'आइस पैलेस' में हुए सम्मानित

स्विस पर्यटन ने 2022 में उन्हें 'दोस्ती दूत' बनाया और जुंगफ्राउजोच के 'आइस पैलेस' में उन्हें सम्मानित भी किया। स्विटजरलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय यह सम्मान पा चुके हैं। नीरज ने कहा,' मैंने ज्यूरिख में डायमंड लीग ट्रॉफी (2022 में) जीती, जो मेरे लिए बहुत खास है। मैंने मैग्लिंगन में प्रशिक्षण लिया है, जहां स्विस ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र है। मैंने बुडापेस्ट (2023) में विश्व चैंपियनशिप से पहले भी वहीं प्रशिक्षण लिया था, जहां मैंने स्वर्ण पदक जीता था। इसलिए मेरी कई सुखद यादें स्विटजरलैंड से जुड़ी हैं।' उन्होंने कहा,' डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने के बाद मैने अपने परिवार और दोस्तों के साथ यह देश देखा, जो मैं कभी नहीं भूल सकता। यह वो जगह है, जिसने मुझे इतनी खुशियां दी है। मैं यहां काफी लोगों को जानता हूं और अभ्यास करता हूं। मेरे विश्व एथलेटिक्स एजेंट भी स्विस हैं तो स्विटजरलैंड से गहरा नाता है।'

## खबर संक्षेप

### अयोध्या पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षण की साक्षी बनी, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2 दिनी यात्रा पर पहुंचीं। वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों पुष्पवर्षा के बीच उनका स्वागत हुआ, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक आत्मा स्पंदित हो उठी।

### 'कार्यवाहक पीएम' जैसा बर्ताव कर रहे शाह

**कोलकाता।** सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह की हरकतें और उनका व्यवहार 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' जैसा है। मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करना चाहती हूं कि वे शाह पर अधिक भरोसा न करें, जो 'एक दिन उनके लिए मीर जाफर' जैसे बन सकते हैं।

### पिता की पुण्यतिथि पर चिराग ने किया याद



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने पिता और दल के संस्थापक रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। चिराग पासवान ने 'एक्स' पर श्रद्धांजलि संदेश में लिखा, ''पापा, आपकी पुण्यतिथि पर आपको मेरा नमन।

### आजम से मिले अखिलेश, झूठे केसों में फंसाया गया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव का कहना है कि आजम खान पार्टी की धड़कन हैं और उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें बेवजह के मुकदमों में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। समाजवादी पार्टी आजम खान के साथ है और हमेशा रहेगी।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का आगाज, पीएम ने किया उद्घाटन

# चाय से सस्ता एक जीबी डेटा : मोदी

### भारत में निवेश, नवोन्मेष और 'मेक इन इंडिया' का सबसे अच्छा समय

*पीएम मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कहा कि कभी डेटा महंगा और आम जनता की पहुंच से दूर था, लेकिन आज भारत दुनिया का सबसे किफायती डेटा उपलब्ध कराने वाला देश बन गया है। नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का कार्यक्रम 11 अक्टूबर तक चलेगा। मोदी ने भारत में सस्ती डेटा कीमतों पर प्रकाश डाला ।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता और अनुकूल नीतियों से भारत एक निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुई तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि देश में आज एक जीबी डेटा की लागत एक कप चाय से भी कम है।

मोदी ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में हमारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार 'सबसे पहले डिजिटल' मानसिकता के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है...यह भारत में निवेश, नवोन्मेष और 'मेक इन इंडिया' का सबसे अच्छा समय है।भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सरकार के स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण और कारोबार सुगमता की नीतियों ने देश को एक निवेशक-अनुकूल गंतव्य की छवि बनाने में मदद की है।



- आईएमसी 2025 में 150 से ज्यादा देशों के 1.5 लाख से अधिक विजिटर्स व 400 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं।
- **कार्यक्रम में 800 से ज्यादा स्पीकर्स और 100 से अधिक सेशन होंगे, जिनमें जापान, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे।**
- इस इवेंट को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार

मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार, दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार, नेतृत्व करने के लिए जनशक्ति, गतिशीलता और मानसिकता है। 'भारत ने 'मेड इन इंडिया' 4जी प्रौद्योगिकी का पूरा ढांचा पेश किया है। यह देश की बड़ी उपलब्धि है।

### डेटा खपत में हम दुनिया के अग्रणी देशों में से एक बने

मोदी ने कहा कि डिजिटल और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। स्वदेशी 4जी और 5जी प्रौद्योगिकी ढांचे से हम न केवल बेहतर संपर्क सुविधा सुनिश्चित कर पाएंगे बल्कि देशवासियों को तेज एवं भरोसेमंद इंटरनेट भी दे पाएंगे।'डेटा खपत में, हम दुनिया के अग्रणी देशों में से एक हैं।

### दो लाख पंचायतों में पहुंचा केबल इंटरनेट

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत नेट प्रोजेक्ट ने 2 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोड़ा है। मोदी ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) मिशन में 10,000 लैब्स के जरिए 75 लाख बच्चों को कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा चुका है। पीएम ने आगे कहा कि आज तकनीकी संस्थानों में 100 यूज्ड केस लैब्स की शुरूआत से इसका ग्राफ बढ़ने वाला है।

### एशिया का सबसे बड़ा टेक व टेलीकॉम इवेंट

इंडिया मोबाइल कांग्रेस एशिया का सबसे बड़ा टेलीकॉम, मीडिया और टेक्नोलॉजी इवेंट है। इस बार इसमें दुनिया भर के उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता, और टेक इनोवेटर्स हिस्सा लेंगे। चार दिन चलने वाले कार्यक्रम में ऑप्टिकल कम्युनिकेशन, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कम्युनिकेशन, 6जी, और फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर्स जैसे कई अहम विषयों पर प्रदर्शनी और चर्चा होगी।

## प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने दबाव में रोका



भाषा ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस को देश को बताना चाहिए कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई से किसने रोका था। मोदी ने कहा कि एक कांग्रेस नेता, जो केंद्रीय गृह मंत्री भी रह चुके हैं, ने कहा है कि एक देश ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई से रोका था। पार्टी को स्पष्टीकरण देना चाहिए।" प्रधानमंत्री मुंबई के पास नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की इस कमजोरी ने आतंकवादियों को मजबूत किया।"

### मुंबई वन ऐप को भी शुरू किया

मुंबई के मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारी यातायात के बोझ को कम करेगा। यह भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है, जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया गया है और यह मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। मोदी ने आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड तक फैली मुंबई मेट्रो लाइन-3 के फेज 2बी का भी उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 12,200 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। उन्होंने 37,270 करोड़ की मुंबई मेट्रो लाइन 3 (एक्वा लाइन) राष्ट्र को समर्पित की जो शहरी परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। मोदी ने मुंबई वन ऐप को भी शुरू किया। 2014 में भारत में 74 हवाई अड्डे थे, लेकिन अब 160 से ज्यादा हैं।

## गिरिराज सिंह बोले-नीतीश कुमार ही राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरा होंगे



**पटना (भाषा)।** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री पद के चेहरा होंगे। उन्होंने राजग के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर किसी तरह के मतभेद की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस पर बातचीत जारी है और जल्द ही अंतिम फार्मूला तय कर लिया जाएगा।पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के लिए राजग का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। राजग के भीतर सबकुछ ठीक है... विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया चल रही है और अंतिम फार्मूला जल्द ही तय कर लिया जाएगा... जिसकी जानकारी आप सबको समय पर मिल जाएगी।" उन्होंने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन एक "विभाजित घराना" बन चुका है।

## राजग के घटक दल सीट को लेकर सोशल मीडिया पर दे रहे संकेत



**पटना(भाषा)।** बिहार में सीट बंटवारे से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में हलचल मची है तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सीट को लेकर अपने अपने तरीके से संकेत दे रहे हैं। 'हम' के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने 20 से अधिक सीटों की मांग को लेकर रुख सख्त कर लिया है। मांझी ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की एक कविता साझा करते हुए लिखा हो न्याय अगर तो आधा दो, यदि उसमें भी कोई बाधा हो, तो दे दो केवल 15 ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम, हम (एचएएम) वही खुशी से खाएंगे, परिजन पे असी न उठाएंगे। राजनीतिक हलकों में मांझी की यह पोस्ट राजग के अंदर चल रही सीट-बंटवारे की खींचतान का संकेत मानी जा रही है।

## बिहार में सीट बंटवारे पर गतिरोध के बीच कांग्रेस सीईसी की बैठक



**नई दिल्ली (भाषा)।** बिहार में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा के लिए बैठक की। कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बेंगलुरु से डिजिटल माध्यम से जुड़े। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। पार्टी की यह बैठक उस वक्त हुई जब उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में है। हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर गतिरोध बना हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उम्मीद जताई कि इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को बिहार में विस चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया।

## बिहार से संबंधित नीतिगत निर्णयों के लिए केंद्र पर आचार संहिता लागू: आयोग




**नई दिल्ली (भाषा)।**निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार से संबंधित घोषणाओं और नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान केंद्र सरकार पर भी लागू होते हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा सोमवार को बिहार चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। राज्य में मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। यहां जारी बयान में आयोग ने कहा कि बिहार के लिए घोषणाओं/नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता केंद्र सरकार पर भी लागू होगी।आयोग ने यह भी कहा कि नागरिकों की निजता का सम्मान किया जाना चाहिए और निजी आवासों के बाहर प्रदर्शन या भीड़ जमा नहीं होनी चाहिए। इसमें कहा गया है, 'भूमि, भवन या दीवारों का उपयोग मालिक की सहमति के बिना झंडे, बैनर या पोस्टर लगाने के लिए नहीं किया जाएगा।

## भाजपा कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक



भाजपा के प्रदेश कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक जारी है। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में हो रही इस बैठक में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, मंत्री मंगल पांडेय समेत कई दिग्गज नेता शामिल रहे। बैठक में सीट शेयरिंग पर चर्चा हो रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से तैयार है। घटक दलों के सभी नेता और कार्यकर्ता दिन रात जनता की सेवा में लगे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि सीट शेयरिंग पर बात अंतिम चरण में है। अगले 24 से 48 घंटे में सारी बात हो जाएगी।

# संरा की एजेंसी ने भारत में शो रूम खोल लिया क्या?



सुप्रीम कोर्ट ने 'शरणार्थी कार्ड' की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा भारत में प्रवासियों को 'शरणार्थी कार्ड' जारी करने की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस कांत ने कहा कि एजेंसी ने यहां शोरूम खोल रखा है और प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। यह टिप्पणी उस समय आई जब न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ सूडान के एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो वर्ष 2013 से भारत में रह रहा है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने यह भी कहा कि भारत ने अभी तक शरणार्थियों के अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि यानी 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के आंतरिक कानून में शरणार्थियों के लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। मुरलीधर ने स्वीकार किया कि भारत ने उस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन उन्होंने अदालत को बताया कि पिछले दो महीनों से दिल्ली में अफ्रीकी मूल के लोगों को बिना वजह हिरासत में लिया जा रहा है। हम ऑस्ट्रेलिया में शरण पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसी बीच यह कार्रवाई शुरू हो गई है।

**भारत ने 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए**

### सिंगर जुबीन की मौत का मामला

## चचेरा भाई गिरफ्तार, डीएसपी हादसे के समय जुबीन के साथ ही था

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में बुधवार को असम पुलिस के डीएसपी संदीपन गर्ग को अरेस्ट किया गया है। संदीपन, सिंगर के चचेरे भाई हैं। हादसे के वक्त वह सिंगापुर में साथ थे। अधिकारी ने बताया कि संदीपन से जुबीन की मौत के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और लापरवाही से मौत का कारण बनने का केस दर्ज किया गया है। जुबीन की मौत के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है।

### सीजेआई पर जूता फेंकने वाले ने कहा

## अगर परमात्मा मुझे दोबारा कहेंगे तो मैं फिर करूंगा... कोई अफसोस नहीं



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले निलंबित वकील राकेश किशोर को अपने किए पर कोई भी पछतावा नही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा ने बोला था इसलिए ऐसा किया। इस घटना के बाद राकेश किशोर के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने संविधान की कॉपी लेकर सोसाइटी के गेट घेर लिए। परिसर में भारी पुलिस बल तैनात था। राकेश ने कहा क िमैंने परमात्मा का काम किया है। यह दैवीय काम था। खजुराहो के मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए सीजेआई की टिप्पणी ने बहुत आहत किया। मैंने उसके अनुसार काम किया। परमात्मा मुझे दोबारा कहेंगे, तो मैं दोबारा काम करूंगा। किशोर की सोसायटी में रहने वाले पुरुषोत्तम ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उसने अराजकता फैलाई है।

### राजौरी में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन

## पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप से मुठभेड़ के बाद से 4 आतंकियों की तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 7 अक्टूबर की रात आतंकियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई थी। इसके बाद आतंकी जंगल की ओर भाग गए थे। बीरंथुब में हुए इस एनकाउंटर के बाद से जम्मू-कश्मीर



पुलिस, सेना, सीआरपीएफ की जॉइंट टीमें यहां पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। मंगलवार की पूरी रात चली सर्चिंग के बाद बुधवार सुबह भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

### कीड़ीयां पुल के पास मुठभेड़, 3 अरेस्ट

कठुआ जिले के लखनपुर सेक्टर स्थित कीड़ीयां पुल के पास बुधवार दोपहर को एक नाका चेकिंग के दौरान पुलिस और तीन संदिग्धों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। करीब 12:30 बजे कीड़ीयां से कठुआ की ओर आ रही एक मोटरसाइकिल पुलिस के इशारे पर नहीं रूकी थी।

### अनंतनाग से सेना के 2 जवान लापता

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गढ़ूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25